दूरभाष : 46060605

# श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

( केन्द्रीयविश्वविद्यालयः )

बी-४, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-११००१६

**Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University**

**(Central University)**

B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi- 110016

संख्या-एफ-1 (10) एल.बी.एस.एन.एस.यू/ओ.ए.डी/2021-22/107 दिनांक : 05.05.2022

## कार्यालय आदेश

उत्कर्ष-महोत्सव के सफल आयोजन हेतु गठित विभिन्न समितियों के अध्यक्षों एवं संयोजकों की एक बैठक दिनांक 04.05.2022 को अपराह्न 03.00 बजे वाचस्पति सभागार में कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई । इस बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निम्नलिखित निर्णयों के अनुसार संबंधी अध्यापकों/अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जानी है :--

1. (1) 'मंच साज-सज्जा समिति' की अध्यक्ष प्रो. मीनाक्षी मिश्र के अर्जित अवकाश पर होने के कारण **प्रो. सुजाता त्रिपाठी को 'मंच साज-सज्जा समिति' का अध्यक्ष** बनाया गया । (2) 'बैनर समिति' के संयोजक डॉ. ज्ञानधर पाठक के अर्जित अवकाश पर होने के कारण **श्री सुच्चा सिंह को 'बैनर समिति' का संयोजक** बनाया गया । (3) 'यातायात और निवास समिति' के अध्यक्ष प्रो. सुमन कुमार झा के अर्जित अवकाश पर होने के कारण **प्रो. शुकदेव भोइ को 'यातायात और निवास समिति' का अध्यक्ष** बनाया गया । (4) 'भोजन प्रसाद व्यवस्था एवं वितरण समिति' के अध्यक्ष प्रो. परमानन्द भारद्वाज के दिल्ली से बाहर होने के कारण **डॉ. कुलदीप जैन को 'भोजन प्रसाद व्यवस्था एवं वितरण समिति' का अध्यक्ष** बनाया गया । समितियों के अध्यक्ष अपनी सुविधानुसार अपनी-अपनी समितियों में अन्य महानुभावों को बैठक आयोजित कर सम्मिलित कर सकते हैं । सभी विभागाध्यक्ष महोत्सव में उपस्थित होने वाले छात्रों की सूची प्रो. शुकदेव भोइ को दिनांक 05.05.2022 तक अवश्य सौंप दें, जिससे यातायात संबंधी आवश्यक व्यवस्था की जा सके ।
2. **कुलानुशासक प्रो. बिहारी लाल शर्मा** को दिनांक 07 से 09 मई, 2022 तक आयोजित होने वाले **उत्कर्ष महोत्सव का संयोजक** बनाया गया है ।
3. **प्रशासनिक सहायता हेतु सहायक कुलसचिव श्री राजेश कुमार को उपसंयोजक** बनाया गया, अत: उत्कर्ष महोत्सव से संबंधित समस्त प्रशासनिक कार्यवाहियां सहायक कुलसचिव श्री राजेश कुमार के माध्यम से सम्पन्न की जायेगी तथा **वित्त संबंधी पत्रावलियां सहायक कुलसचिव श्रीमती सुषमा डेमला के माध्यम** से प्रस्तुत की जाय।

दूरभाष : 46060605

**श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः**
**( केन्द्रीयविश्वविद्यालयः )**
बी-४, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदेहली-११००१६
**Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University**
**(Central University)**
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi- 110016

4. उत्कर्ष महोत्सव के अवसर पर विश्वविद्यालय में **उपलब्ध चित्रों की ऐतिहासिक प्रदर्शनी का दायित्व प्रो. शिवशंकर मिश्र, शोध एवं प्रकाशन विभागाध्यक्ष द्वारा निर्वहन** किया जायेगा, इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित ग्रन्थों की प्रदर्शनी भी लगायी जायेगी । यदि विश्वविद्यालय प्रकाशन या विश्वविद्यालय के किसी विद्वान के ग्रन्थ का लोकार्पण किया जाना है तो उसके लिए प्रो. बिहारी लाल शर्मा से सम्पर्क किया जा सकता है ।
5. **श्री लाल बहादुर शास्त्री जी के टेप किये गये उद्बोधित वचनों को उपस्थित विद्वानों को सुनाये जाने की व्यवस्था श्री नरेन्द्रपाल** द्वारा की जायेगी ।

यह आदेश सक्षम अधिकारी की स्वीकृतिनुसार जारी किया जा रहा है ।

मनजीत सिंह

(मनजीत सिंह)
सहायक कुलसचिव, सा.प्र.

**प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

1. समस्त संकायप्रमुख एवं विभागाध्यक्ष
2. उत्कर्ष महोत्सव के लिए गठित समितियों के अध्यक्ष एवं संयोजक
3. उपर्युक्त संबंधित अध्यापक/अधिकारी
4. कुलसचिव महोदया, विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा), कार्यपालक अभियन्ता, उपकुलसचिव (लेखा), उपकुलसचिव (परीक्षा), सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, सहायक अभियन्ता एवं समस्त सहायक कुलसचिव
5. कुलसचिव महोदया के निजी सचिव
6. कुलपति के विशेष कार्याधिकारी

मनजीत सिंह

(मनजीत सिंह)
सहायक कुलसचिव, सा.प्र.

Sh. Gyan

4/5/2022

Pls upload on website

Smt. Rani

05/05/2022